आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

04.10.2023 समय : 1850

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन –दो हजार तेईस को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- भवन को किराये पर देने से पहले रेंट एग्रीमेंट होगा अनिवार्य–विवादों के निपटाने के लिए फास्ट ट्रैक अर्ध न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी।
- सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए प्रति सिलेंडर एलपीजी सब्सिडी में एक सौ रुपये की बढ़ोतरी की।
- पशुपालन विभाग की ओर से शहीद द्वीप के मुर्गीपालकों को सहयोग प्रदान करने की पहल की गई है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव और लक्षद्वीप के लिए किरायेदारी विनियमन –दो हजार तेईस को लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट के फैसलों पर आज जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि इससे मकान मालिक और किरायेदार दोनों के हितों और अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकेगा।

श्री ठाकुर ने कहा कि इसके लागू होने के बाद किसी भी रिहायशी या व्यवसायिक सम्पत्ति को किराये पर देने से पहले मकान मालिक और किरायेदार के बीच रेंट एग्रीमेंट होना अनिवार्य है। अनुबंध की लिखित सूचना रेंटल अथॉरिटी को दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इसमें भवन के रखरखाव के संबंध में मकान मालिक और किरायेदारों के दायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। विवादों के निपटान के लिए फास्ट ट्रैक अर्ध न्यायिक प्रणाली की स्थापना होगी।

<><><><><><><>

सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को भी अधिसूचित किया है। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड, हल्दी के बारे में जागरूकता और खपत तथा निर्यात बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर पर नए बाजार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

<><><><><><><>

पशुपालन विभाग की ओर से शहीद द्वीप के मुर्गीपालकों को सहयोग प्रदान करने की पहल की गई है। विभाग की ओर से शहीद द्वीप के तीस किसानों को आठ सौ पचास चूजों का वितरण किया गया। इनमें वनराजा सहित अन्य प्रकार की प्रजातियां शामिल है। इसका उद्देश्य मुर्गीपालन को प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि करना है। किसानों को मुर्गीपालन की देखभाल और प्रबंधन दिशा–निर्देशों का भी वितरण किया गया। इससे शहीद द्वीप में मुर्गीपालन के क्षेत्र में वृद्धि होने की आशा है।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से देश भर में प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन के वास्ते खेल प्रोत्साहन योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। इस सिलसिले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमोर्टा में दस से सोलह वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए कल और छः अक्तूबर को ट्रायल आयोजित होगा। इस ट्रायल के जरिए भारोतोलन, साइक्लिंग और एथलिटिक्स स्पर्धा के लिए कुल सत्तर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। भारोतोलन और साइक्लिंग में दस–दस लड़के तथा पन्द्रह–पन्द्रह लड़कियों को चयन होगा, जबकि एथलिटिक्स में दस लड़के और दस लड़कियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल कल दिन में डेढ़ बजे से और छः अक्तूबर को सुबह नौ बजे से आरंभ होगा। इच्छुक खिलाड़ियों को अपने दस्तावेजों के साथ ई–मेल के जरिए पंजीकरण करने या सीधे चयन स्थल पर उपस्थित होने को कहा गया है। निर्धारित मापदंड पूरा करने के बाद ही खिलाड़ियों का चयन होगा। खेल के क्षेत्र में जिनके पास अनुभव नहीं है, वे भी इसमें शामिल हो सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को ठहरने की सुविधा के अलावा कोचिंग और स्पोर्ट्स किट खरीदने के लिए भी सहायता प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><><>

वन विभाग में मजदूर के पदों पर भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा छः से लेकर इक्कतीस अक्तूबर तक चिड़ियाटापू के जैविक उद्यान में ली जाएगी। उम्मीदवारों से अपनी पारी में सुबह छः बजे से परीक्षा के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में चालू सत्र के दौरान स्नातक स्तर की कुछ सीटे रिक्त पड़ी है। इन सीटों पर प्रवेश के लिए सात अक्तूबर को सुबह नौ बजे से कॉलेज में परामर्श का आयोजन किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने दस्तावेजों के मूल और सत्यापित प्रति के साथ परामर्श में उपस्थित होने को कहा गया है।

उधर, शारीरिक शिक्षा के स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के वास्ते परामर्श में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को फिटनेस टेस्ट के लिए ड्रेस में आने को कहा गया है।

<><><><><><><>

फीनिक्स बे बिजली घर और उप–केन्द्र में कल से लेकर सात अक्तूबर तक जरूरी रखरखाव तथा अन्य कार्य किए जाने की वजह से पोर्ट ब्लेयर शहर के अधिकांश भागों में सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी। जरूरत के अनुसार अधिकतम डेढ़ घंटे के लिए कटौती की जाएगी। बिजली कटौती की यह सारणी अस्थाई है और इस समय अवधि में बिजली की उपलब्धता और अन्य तकनीकी कारणों से बदलाव हो सकता है।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते एम.वी. भारत सीमा की कल, आठ और दस अक्तूबर की यात्रा को रद्द किया गया है। इसके स्थान पर अब कल और आठ तारीख को जलयान सिंधु लिटिल अंडमान जाएगा। यह जलयान रात नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और अगले दिन सुबह आठ बजे पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा। दस अक्तूबर को जलयान नालंदा सुबह सात बजे लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा और इसी दिन रात नौ बजे पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा।

उधर, जलयान सिंधु के स्थान पर अब एम.वी. भारत सीमा आठ अक्तूबर को लिटिल अंडमान होते हुए कार निकोबार जाएगा। यह जहाज सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा और अगले दिन शाम चार बजे इसी मार्ग से होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए वापसी करेगा।

<><><><><><><>